कार्यालय : जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा
( शाखा – प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान )
शिक्षा भवन, मधेपुरा, पिन कोड – 852113
Email : bepmadhepura@gmail.com Website : www.bepmadhepura.in

:- कार्यालय आदेश :-

राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना के कार्यालय पत्रांक 2215 दिनांक – 27.04.2026 के आलोक में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में चतुर्थ कर्मियों के रिक्त पदों पर नियोजन हेतु काउंसिलिंग दिनांक 26.05.2026 से 11.06.2026 तक अलग-अलग तिथियों में कराई गई थी। जिला चयन समिति, मधेपुरा द्वारा आहूत बैठक के कार्यवाही ज्ञापांक 1352 दिनांक 23.06.2026 के द्वारा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय ज्ञापांक 1629 दिनांक 28.07.2026 के आलोक में काउंसिलिंग में उपस्थित सभी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 06.08.2026 से 22.08.2026 तक (रविवारीय एवं अन्य अवकाश को छोड़कर) शिक्षा भवन, मधेपुरा में आयोजित किया गया। जिला चयन समिति, मधेपुरा द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में ऐसे अभ्यर्थी जो किसी कारणवश इस साक्षात्कार में भाग नहीं ले सके वैसे अभ्यर्थियों का पुनः साक्षात्कार **दिनांक 31.08.2026 से 03.09.2026** तक शिक्षा भवन, द्वितीय तल, मधेपुरा में कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः उक्त के आलोक में ऐसे अभ्यर्थी (रात्रि प्रहरी, अनुसेवक, मुख्य रसोइया एवं सहायक रसोईया) जिनका साक्षात्कार छुट गया है वो इस अवधि में अपना साक्षात्कार शिक्षा भवन, द्वितीय तल, मधेपुरा में अचूक रुप से करवा लें। उक्त अवधि के बाद आपके साक्षात्कार पर विचार नहीं किया जायेगा।

24.08.24

जिला शिक्षा पदाधिकारी
सह-अध्यक्ष, जिला चयन समिति
के0जी0बी0भी0, मधेपुरा।

**ज्ञापांकः KGBV/01/2026-27/**1854 **मधेपुरा, दिनांक**24/08/26

प्रतिलिपि :- संबंधित सभी अभ्यर्थी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :- थाना अध्यक्ष, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :- जिला चयन समिति, के0जी0बी0भी0 जिला – मधेपुरा के सभी सम्मानित सदस्यों को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि :- राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, के0जी0बी0भी0 संभाग, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि :- जिला पदाधिकारी, मधेपुरा की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि :- राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

24.8.2026 24.8.26 24.08.24

जिला शिक्षा पदाधिकारी
सह-अध्यक्ष, जिला चयन समिति
के0जी0बी0भी0, मधेपुरा।



Scanned with OKEN Scanner